हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


11 शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में गूंजे भक्ति के स्वर





12 मरार पटेल समाज की सम्मान सभा में दिखी..




# बेसहारा महिला की हालत पर संवेदनशील हुआ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सिमगा क्षेत्र के पैरालीगल वालेंटियर नागेश यदु एवं प्रेमकुमारी चतुर्वेदी द्वारा 5 अक्टूबर को अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार को सूचना दी गई कि एक महिला गंभीर स्थिति में सड़क के किनारे पड़ी हुई है। सचिव के द्वारा तत्काल महिला की मौके की छायाचित्र मंगाई गई। छायाचित्र मन को विचलित कर देने वाली थी, महिला का पैर पूरी तरीके से खराब हो चुका था और बहुत ही दयनीय स्थिति में यह सड़क पर पड़ी हुई थी।

सचिव के द्वारा महिला के तत्काल चिकित्सा हेतु प्रयास किया गया और एंबुलेंस के माध्यम से महिला को प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से उसे गंभीर स्थिति होने के कारण मेकाहारा रिफर कर दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वालेंटियर नागेश यदु एव प्रेमकुमारी चतुर्वेदी भी रायपुर मेकाहारा गए और उस महिला के लिये तत्काल 2 यूनिट ब्लड की व्यवस्था की गई। सचिव के द्वारा महिला के समुचित ईलाज के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से भी रागन्वय स्थापित किया गया और रायपुर प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर भी अस्पताल पहुंचकर महिला के चिकित्सा और देखभाल में सहायता प्रदान की गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार की जनसामान्य से मानवीय अपील

### ऐसे मामलों को न करें नज़रअंदाज़

महिला की स्थिति अत्यंत दयनीय थी । यदि समय रहते ही महिला की स्थिति के बारे में सूचना दी जाती तो उसकी यह हालत नहीं होती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा जनसामान्य से यह अपील है कि यदि कोई बेसहारा, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति उन्हें दिखाई देता है तो उसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या नजदिकी न्यायालय, संबंधित थाना क्षेत्र, समाज कल्याण विभाग को आवश्यक रूप से अपनी जिम्मेदारी समझकर प्रदान करे जिससे कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता की जा सके। प्राधिकरण का यह प्रयास है कि विधिक सेवा के साथ साथ शासन की ▶▶ शेष पेज 11 पर



### समाज कल्याण विभाग से समन्वय

महिला का मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है और उसका एक भाई है जिसकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है. इन सब परिस्थितियों दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 06.10.2025 को समाज कल्याण विभाग बलौदाबाजार से सचिव के द्वारा संपर्क किया गया कि वह समाज कल्याण विभाग रायपुर से समन्वय स्थापित कर महिला को तत्काल आश्रय एवं शासन की योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाये, चूंकि महिला वर्तमान में चिकित्सा हेतु मेकाहारा अस्पताल रायपुर में है इसलिये रायपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा वहां के समाज कल्याण विभाग से पत्राचार किया गया।

## खबर संक्षेप



### गांव में हुई झमाझम बारिश

**गोपालपुर** । सोमवार को ग्यारह बजे एक घंटा झमाझम बारिश हुआ, खेत मे पानी भर गया। किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि अभी के समय मे बारिश होना धान के फसल के लिए बहुत नुकसान है और रोग लगने के ज्यादा सम्भावना है। जो धान गिर गया है, वह सड़ सकता है? किसानों को दवाई के छिड़काव करने मे बहुत परेशानी हो रही है।

### छत्तीसगढ़ लोकजीवन पर रेड़ियो वार्ता आज

**पलारी**। नगर पंचायत पलारी में निवासरत अंचल के प्रख्यात कवि पोखन लाल जायसवाल की वार्ता छत्तीसगढ़ी लोक जीवन में



प्रचलित रीति-रिवाज का मंगलवार को प्रातः 8:30 बजे आकाशवाणी रायपुर के मोर भुइंया कार्यक्रम में प्रसारण होगा। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि जायसवाल की दो किताबें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी रचनाएँ साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में भी प्रकाशित होती रहती हैं। इससे पूर्व इनकी वार्ता 'छत्तीसगढ़ी साहित्य में बाल साहित्य दशा अउ दिशा' का प्रसारण हुआ था।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम बोईरगांव में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी टियन कुमार साहू पिता ताम्रध्वज साहू (39 साल) बोईरगांव थाना कोमाखान ने बताया कि 3 अक्टूबर को रात करीबन 10 बजे उसके घर के सामने देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव एवं इनके साथी गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इसके बाद वह कुछ मेहमानों के साथ दशहरा देखने बस्ती अंदर चला गया। दो घंटे के बाद जब दशहरा देखकर घर वापस आया, इसके बाद देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव तीनो एवं अपने साथियों के साथ आये, तब उनसे कहा कि मेरे घर के दरवाजा को क्यों तोड़े हो। इस पर वे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मारपीट करते देखकर जब उसकी पत्नी कौशिल्या साहू एवं डेढ़ सास नरेश्वरी साहू एवं भाई प्रेमलाल साहू बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

## विरोध : बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर भड़की कांग्रेस, सरकार को चेताया

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने विद्युत दफ्तर का घेराव कर की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन/बगबुड़ा

छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि व बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण महंगी बिजली बिल खरीदने मजबूर जिससे जनता के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए जनहित में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा के निर्देश पर विद्युत कार्यालय घेराव व तालाबंदी के तहत प्रदेश सरकार की इस जनविरोधी नीति के विरोध में बिजली ऑफिस कार्यालय लवन का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी किए। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के ब्लॉक अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने हमारे संवाददाता से बात करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार जब से प्रदेश में आए हैं तब से गरीबों, किसानों को लूटने का काम किया है। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के वरिष्ठ नेता और पार्षद मृत्युंजय पांडे ने कहा कि बीजेपी की डबल इंजन की सरकार द्वारा, हर गरीब, किसान को लूटते हुए, महंगाई चरम पर पहुंचा दिया है, जिससे लोगों को भारी परेशान होना पड़ रहा है। आज लवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली विभाग को सरकार की कमियों को गिनाकर स्वाति साहू को ज्ञापन सौंपा गया है।

### कार्यकर्ताओं ने एई कार्यालय को घेरा, जेई को सौंपा विरोध ज्ञापन



### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा ने किया बिजली ऑफिस का घेराव



खरोरा । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के द्वारा आज छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के खरोरा कार्यालय के समक्ष बढ़ी हुई बिजली दर एवं कांग्रेस शासन में चल रही बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधर राम वर्मा ने कहा कि कहा कि भाजपा सरकार ने भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ की आम जनता को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही बिजली बिल ऑफ योजना को बंद कर दिया है जिससे आम जनता एवं आम उपभोक्ता में भारी रोशन थे कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को लूट रही है और अडानी अंबानी को कर्ज माफ कर रही है । पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा ने कहा कि कहा कि शायद सरकार साय सरकार सायसरकार सोई हुई है उन्हें गरीबों की तकलीफ और परेशानी दिखाई नहीं देती । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ विश्वनाथ मिश्र ने कहा कि अगर जल्द ही बिजली बिल बढ़ोतरी को रोक नहीं गया तो ब्लॉक कांग्रेस हर गांव और भूत में चौपाल लगाकर साय सरकार के खिलाफ जन जागृति अभियान चलाएगी आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष उधो राम वर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित वर्मा, जिला उपाध्यक्ष उधो राम वर्मा, खरोरा के पार्षद सुरेंद्र वर्मा, बबलू भाटिया, निलेश चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष खुदीराम लहरिया, इंटक अध्यक्ष अनिल कुमार को मंडल अध्यक्ष श्याम लाल बघेल, सेक्टर अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, देवेंद्र वर्मा, हरीश वर्मा ।

### ये रहे मौजूद

बिजली ऑफिस घेराव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुरुदयाल यादव (ब्लॉक अध्यक्ष लवन), मृत्युंजय पांडे, सतीश पांडे, मृत्युंजय वर्मा, कोमल वर्मा, अजय बर्वे, तुलसी मनहरे, संतोष साहू, दौलतराम साहू, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, अभय तिवारी, कांति मनहरे, सियाराम साहू, प्रकाश ताम्रकार, नरेंद्र डहरिया, राकेश चतुर्वेदी, किशोर नवरंगे, सागर ध्रुव, आशा कोसरिया, राजकुमारी बघेल, सूरज बघेल, लक्ष्मीन बार्वे, कोमल वर्मा, मनीष साहू, बसंत गायकवाड, दुर्गा प्रसाद बंजारे, प्रीतम दास महंत, रीना बर्वे, धरमदास, धनेश साहू, हरदास वैष्णव, हलदर वर्मा, दुर्गा बंजारे, त्रिभुवन वर्मा, महेंद्र साहू, सूरज बघेल सहित भारी संख्या में कांग्रेस प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झाड़ियों में मिला शव इलाके में फैली सनसनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम डमरू शासकीय स्कूल परिसर मे दशहरा अवकाश के बाद जब सोमवार की सुबह छात्र स्कूल पहुँचे, तो परिसर के पिछले हिस्से में झाड़ियों से आ रही तेज दुर्गंध ने सभी का ध्यान खींचा। जब छात्र नजदीक पहुँचे तो झाड़ियों के बीच एक युवक का शव पड़ा मिला। इस घटना से स्कूल परिसर में सनसनी फैल गई। तत्काल इसकी सूचना शिक्षकों और फिर पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया। शव कुछ दिन पुराना और सड़न की स्थिति में था। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर शव की पहचान कराई। मृतक की पहचान प्रकाश कुमार बंछोर (उम्र 19 वर्ष, पिता चंदन कुमार, निवासी ग्राम डमरू) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि प्रकाश कुमार 1 अक्टूबर 2025 से लापता था। परिजनों ने स्वयं उसकी खोजबीन की, और जब वह नहीं मिला तो 4 अक्टूबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी।

- तेज दुर्गंध ने सभी का खींचा ध्यान

### घटना स्थल की हुई फॉरेंसिक जांच

पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल का फॉरेंसिक निरीक्षण कराया। प्रारंभिक जांच में युवक की फांसी लगाकर आत्महत्या करने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों की वास्तविक पुष्टि हो सकेगी।

## कलेक्टर ने की एग्रीस्टेक पंजीयन व धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर ने सोमवार को क़ृषि, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन एवं आगामी खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने छूटे हुए किसानों का शीघ्र पंजीयन पूर्ण कराने एवं सुचारु रूप से धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि अब तक सर्वाधिक किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हुआ है फिर भी कुछ किसान पंजीयन के लिए छूटे है। इनमे नगरीय निकाय, अन्य राज्यों के एप्प में पंजीयन एवं वनाधिकार पत्र वाले किसान शामिल हैं। उन्होंने समितिवार छूटे हुए किसानों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आगामी खरीफ सीजन हेतु समर्थन मूल्य में धान खरीदी ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर, शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

05 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम गैतरा मेन रोड में एक स्कूटी में अवैध रूप से शराब रखकर ब्रिकी हेतु परिवहन कर रहा



है कि सूचना पर थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर गवाहों के समक्ष आरोपी जितेन्द्र बांधे को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी को शराब रखकर परिवहन व बिक्री करने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नहीं करने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 40 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई जुमला मात्रा 7 लीटर 200 मि.ली. किमती 4000 रुपये एवं परिवहन में इस्तेमाल स्कूटी को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है।

## घटमडवा में व्यक्ति ने जहर का किया सेवन, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

समीपस्थ ग्राम पंचायत घटमडवा में सोमवार दोपहर को अंतिम नामक कीटनाशक दवा पीकर एक व्यक्ति ने दी जान कारण अज्ञात है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घटमडवा में सोमवार को करीबन 2 बजे के आसपास खीखराम पटेल पिता भागीरथी पटेल 50 वर्ष ने अज्ञात कारण से अंतिम नामक कीटनाशक दवा पीकर खाट में





सोया हुआ था और मृतक की पत्नी भुनेवशरी पटेल ने अपने पति खीखराम को आवाज लगाकर उठाने का प्रयास किया गया । परंतु मृतक शांत खाट ▶▶ शेष पेज 11 पर

## मामले में आरोपियों पर तीन प्रकरण दर्ज

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सड़क पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शनिवार की रात करीब 9 बजे सिमगा के वार्ड क्रमांक 04 स्थित गोवर्धन चौक में सांस्कृतिक विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके चलते वार्ड के नागरिकों की अच्छी खासी भीड़ एकत्र हुई थी। दर्शकों भारी संख्या के कारण सड़क जाम हो गया था लोगों को आने जाने में काफी तकलीफ हो रही थी।

- आरोपियों ने नशे की हालत में किया उपद्रव

उसी समय चंदन उर्फ पप्पू सोनकर अपनी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 04 पीजे 9454 से घर जा रहा था कि कार्यक्रम स्थल के ठीक सामने राजकुमार उर्फ राजू देवांगन का मकान है जहां कार से उसकी स्कूटी




क्रमांक सीजी 04-डीवी 0106 टकरा गई जिस पर दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ और मामला थाने तक पहुंच गया। बाद में आपसी समझौते के बाद थाने के बाहर पुनः फिर से विवाद बढ़ा कि मामला मारपीट तक पहुंच गया।

### 3 एफआईआर दर्ज

प्रार्थी राजू देवांगन पिता जेठू राम देवांगन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पप्पू सोनकर एवं सूरज सोनकर के विरूद्ध धारा 281, 296, 351 (3), 3,5, बीएनएस 184 एमवी एक्ट का मामला दर्ज किया। वही प्रार्थी हेमंत साहू ने रिपोर्ट लिखाया है कि वह टेंट का सामान एकत्र कर रहा था तभी पप्पू सोनकर एवं सूरज सोनकर ने गाली गलौज करते हुए उनसे मारपीट किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 296, 353 (3), 115 (2), 3, 5, बीएनएस का मामला दर्ज किया। तत्पश्चात प्रार्थीया मीना साहू ने रिपोर्ट लिखाया है कि पप्पू सोनकर एवं सूरज सोनकर ने उनके बेटे राजा साहू को गाली गलौज करते हुए घर से निकलो बोलते हुए दरवाजा पीटने लगा जिस पर पुलिस ने आरोपी पप्पू सोनकर व सूरज सोनकर के खिलाफ धारा 296, 351(3),3,5, बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### विवाद ने बिगाड़ा शहर का माहौल

यहां यह बताना जरूरी है कि एक छोटी सी विवाद ने शहर का माहौल ही बिगाड़ दिया आरोपियों ने नशे की हालत तांडव मचाया है आरोपियों पर तीन प्रकरण दर्ज हुआ है, वहीं थाना परिसर दोनो पक्षों के समर्थकों का भीड़ बढ़ने व माहौल को अनियंत्रित व अशांत होते देख पुलिस को लाठीयां भांजनी पड़ी। प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों को फिलहाल मुचलका पर छोड़ दिया है।




# जोरों से चमकी बिजली...जमकर गरजे बादल, तेज बारिश से सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद राजधानी के ऊपर छाए काले बादल जमकर गरजे और जोरों से बिजली चमकी। घंटेभर हुई झमाझम बारिश से शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया। मौसम में हुए बदलाव की वजह से वातावरण में ठंडक आ गई और तापमान ज्यादा ऊपर नहीं चढ़ पाया। बारिश की यह गतिविधि व्यापक न होकर खंड वर्षा जैसी रही। कई इलाकों में इसका प्रभाव झमाझम रहा, वहीं कुछ जगह मध्यम रूप में रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश अभी प्रदेश में व्यापक रूप में नहीं है। जिस इलाके में चलायमान बादल एकत्रित हो रहे हैं, वहीं जमकर बारिश हो रही है और बाकी स्थानों पर इसका असर ही नहीं हो रहा है। रविवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में बनी रही। सुबह 12 बजे कुछ हिस्सों में बारिश हुई। घंटेभर सामान्य रहने के बाद मौसम ने उग्र तेवर दिखाए।



**रविवार दोपहर में घंटेभर कुछ इलाकों में झमाझम तो कहीं मध्यम वर्षा**





### कड़कड़ाती बिजली से सहमे शहरवासी

उत्तरी हिस्से से उठे काले बादल शहरभर में छाए और जमकर गरजे। कड़कड़ाती आवाज के साथ चमकी बिजली लोगों को भयभीत करती रही। इस दौरान शहर के बड़े हिस्से में मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेजी से गिरी कि गुढ़ियारी के अंडरब्रिज सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर घुटनों तक पानी भर गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, माना में करीब 4 सेमी. पानी बरसा, वहीं लालपुर में इसका असर सामान्य रहा। शहरी इलाके में भारी मात्रा में पानी बरसा और आंकड़ा 5 सेमी. के करीब पहुंचा।

## खबर संक्षेप



### दुर्गोत्सव में रचनात्मक स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

**रायपुर।** श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर द्वारा दुर्गोत्सव के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शंख वादन, धुनुची नृत्य, मोमबत्ती प्रज्वलन, म्यूजिकल चेयर, पास द बाल आदि का रोमांचक आयोजन किया गया। शंख वादन में प्रथम स्थान पर गोविंद बर्धन, द्वितीय मोनू पटेल, तृतीय अंकिता बर्धन रहीं। इसी तरह धुनुची नृत्य में निशांत बर्धन, सुजाता साहा, गोविंद बर्धन, मोमबत्ती प्रज्वलन में मनराखन, वेदांत बर्धन, कुणाल गोगिया, म्यूजिकल चेयर में आशीष, मयूरी लक्की और पास द बाल प्रतियोगिता में किरण, चिराग व मालती ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को स्वामी परेशानंद महाराज व अन्य संतों तथा समिति के पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया।

### मोंहदा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम



**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 6 अक्टूबर 2025 सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में ग्रामवासी व पालकों की उपस्थिति में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता परखने के लिए सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी राजेंद्र कुमार ठाकुर व पालकों द्वारा बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर जानने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों से बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखा तथा बच्चों के पढ़ाई स्तर से संतुष्ट हुए। इस कार्यक्रम में प्रभारी हेडमास्टर हरिशंकर पटेल, सहायक शिक्षिका चंद्रकांति ठाकुर तथा पालकों में बैजंती यादव, सत्या यादव, सविता ठाकुर, सावित्री गोस्वामी एवं कामताप्रसाद यादव, देवनारायण यादव, शाखाराम पटेल, मनशाराम बरिहा, मानसिंह गोंड, बलराम खड़िया सक्रिय रूप से भाग लिए तथा बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### कर्मचारी से लेकर संसाधन तक उपलब्ध कराएगी एजेंसी

# अब जोन से नहीं, मुख्यालय से होगा सफाई का ठेका, 70 वार्डों के लिए होगी एक ही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के 70 वार्डों की सफाई के लिए अब जोन से वार्डवार अलग-अलग ठेके नहीं होंगे। इसके लिए निगम मुख्यालय का स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन टेंडर करेगा, जिसमें बड़ी कंपनी पूरे शहर के 70 वार्डों के सफाई कार्यों के लिए कलेक्टर दर पर सफाई कर्मचारी, आवश्यक संसाधन अपने खर्च पर उपलब्ध कराएगी।

कार्य आधारित ठेके में 8 घंटे की ड्यूटी सफाई कर्मचारी को करनी होगी। इसी आधार पर उसका भुगतान किया जाएगा, यानी 70 वार्डों में 70 ठेकेदारों की जगह अब केवल एक ठेका एजेंसी पूरे शहर की सफाई व्यवस्था संभालेगी। शासन की मंशानुसार नगर निगम की शहरी सरकार ने हाल ही में एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी की है।

दरअसल शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई ठेके को लेकर निर्धारित संख्या से कम संख्या में ड्यूटी पर सफाई कर्मचारी पाए जाने और सफाई कार्य में कोताही बरतने की शिकायत आम हो गई है। निगम प्रशासन हर महीने करीब 7 करोड़ रुपए शहर के 70 वार्डों की सफाई के एवज में अलग-अलग ठेका एजेंसियों को भुगतान करता है।

इसके बावजूद शहर की सफाई अपेक्षा अनुरूप नहीं हो रही है। ऐसे में राज्य शासन रायपुर नगर निगम में केंद्रीकृत सफाई सिस्टम पर जोर दे रहा है, यानी आने वाले दिनों में जोन से वार्डों के लिए अलग-अलग सफाई ठेका न होकर मुख्यालय से सफाई कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एक एजेंसी तय की जाएगी। इस नई व्यवस्था से सफाई कार्य की मॉनिटरिंग जहां आसान होगी, वहीं सफाई कार्य के भुगतान में गड़बड़ी पर रोक लगेगी।

### 70 नहीं, अब केवल एक ठेकेदार

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर ,अंबिकापुर नगर निगम में पूरे शहर के लिए सेंट्रलाइज्ड टेंडर कर केवल एक ही एजेंसी से शहर की सफाई कराने का बेहतर परिणाम मिला है। अब रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था के लिए बड़ी एजेंसी ऑनलाइन टेंडर कर तय की जाएगी। इससे कार्य में पारदर्शिता आएगी और वार्डों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग संबंधित जेडएचओ के माध्यम से कराई जाएगी, यानी हर वार्ड के लिए एक अलग ठेकेदार की जगह 70 वार्डों के लिए एक साथ सेंट्रलाइज्ड ठेका होगा, जिसमें पापुलेशन और वार्ड वाइज सफाई का प्लान बनेगा।



### ठोस रणनीति बनाकर करेंगे काम

एमआईसी की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था केंद्रीकृत करने पर चर्चा हुई है। शासन की मंशानुसार आने वाले दिनों में ठोस रणनीति बनाकर इस पर कार्य किया जाएगा। वार्डों की सफाई में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आती रही है, इस पर कड़ाई बरतेंगे।

*- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम*

### सेंट्रलाइज्ड टेंडर से ये होंगे फायदे

- ठेका पर रखे सफाई कर्मचारी को 8 घंटे ड्यूटी करनी होगी, हाजिरी लगाने के बाद काम से गैरहाजिर रहने की परिपाटी बंद होगी।
- एक ही तरह की गणवेश में दिखेंगे सफाई कर्मचारी, पहचान करना होगा आसान।
- सफाई के लिए अलग से बनेगा रूट चार्ट
- सफाई ठेका के नाम पर मनमानी पर लगेगा ब्रेक
- रामकी की तर्ज पर केवल एक बड़ी एजेंसी 10 जोन के 70 वार्डों को करेगी कवर।

# सट्टे में हारा तो रकम की भरपाई करने कारोबारी ने रची लूट की फर्जी कहानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी की घनी आबादी में डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवरों की लूट की फर्जी कहानी गढ़कर सनसनी फैलाने वाले कारोबारी के झूठ का आखिरकार पर्दाफाश हो गया। कारोबारी ने सट्टे में हार की भरपाई के लिए लूट को अंजाम दिया था। हाल के दिनों में लूट की इसी तरह के और कई घटनाएं हो चुकी हैं। उन मामलों में भी कारोबारियों द्वारा सट्टे की रकम की भरपाई करने लूट की फर्जी कहानी गढ़ी गई थी।



उत्तरप्रदेश निवासी राहुल गोयल ने शनिवार को कोतवाली थाने में अज्ञात बदमाशों द्वारा बंधक बनाकर डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवर लूटकर ले जाने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

### चार दिन पूर्व गायब कर दिया था डीवीआर

पुलिस के मुताबिक, राहुल ने घटना के चार दिन पूर्व अपने कमरे में लगा डीवीआर निकालकर फेंक दिया था। इस वजह से पुलिस को घटनास्थल के आसपास बदमाशों का कोई सीसीटीवी फूटेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार राहुल ने एक माह पूर्व से जेवर गायब करने प्लानिंग की थी।

### पुलिस का ये कहना है

पुलिस के तर्क के अनुसार, राहुल चेन फाउंडेशन ऑफ आगरा में चांदी के जेवर बेचने कमीशन एजेंट के रूप में काम कर रहा था। वह पूर्व में ईंट भट्ठे का संचालन करता था। ईंट भट्ठे में नुकसान होने पर उसने कमीशन पर चांदी बेचने का काम शुरू किया। बावजूद इसके नुकसान की भरपाई नहीं होने पर राहुल अलीगढ़ में सट्टा खेलने लगा। सट्टे में भी नुकसान होने पर वह अप्रैल माह से धीरे-धीरे कर चांदी के जेवर बेचकर नुकसान की भरपाई करने लगा।

### सालभर में फर्जी लूट की यह तीसरी वारदात

सट्टा तथा अन्य देनदारियों की भरपाई करने राजधानी में एक साल के भीतर यह तीसरी वारदात है। दो माह पूर्व अगस्त में बोरिंग पाट्र्स के कारोबारी चिराग जैन ने 15 लाख रुपए फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी। पड़ताल करने पर पुलिस ने पाया कि चिराग पर एक करोड़ रुपए की देनदारी थी। इस वजह से उसने फर्जी लूट की कहानी गढ़ी। इसी तरह पिछले वर्ष एक रियल एस्टेट के सुपरवाइजर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 20 लाख रुपए की फर्जी लूट की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है, मनोज ने सट्टे की रकम की भरपाई करने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी।

## सतगुरु बाबा किशनपुरी साहब का वर्सी महोत्सव शुरू, दुग्धाभिषेक पंचामृत से कराया स्नान



**रायपुर।** पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर मढ़ी के 23 वें पातशाही श्रीश्री 1008 सतगुरु किशनपुरी साहेब का तीन दिवसीय 35वां वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भोपाल के संत सांई तुलसीदास, रीवा के संत सांई हंसदास विशेष रूप से वर्सी महोत्सव में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे और सुबह से ही सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके बाद दोनों संतों ने अपनी अमृतवाणी में भक्तों को रसपान कराया, सत्संग के माध्यम से भक्त और गुरु का रिश्ता कितना पवित्र अनमोल होता है और कितना मजबूत होता है, इसके बारे में कई दृष्टांत के साथ विस्तार से समझाया। यह जानकारी सेवादार किशोर आहूजा और विजय दुसेजा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को सतगुरु बाबा किशनपुरी साहेब को दुग्धाभिषेक पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद नए वस्त्र धारण कराए गए और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना तथा आरती भी की गई। इसी दौरान सभी भक्तजनों के लिए अग्रसेन धाम में आम भंडारा रखा गया, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

# पीजी की पढ़ाई के लिए 'गिरवी' रखने का प्रावधान विभागीय स्तर पर राहत नहीं तो लगाएंगे पिटीशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मेडिकल में पीजी अथवा सुपर स्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई के लिए जमीन अथवा राशि बंधक रखने के नियम से डॉक्टरों को अब तक राहत नहीं मिली है। एडमिशन शुरू होने के पहले इस पर शासन स्तर पर फैसला नहीं आने पर डॉक्टर कोर्ट जाने की तैयारी में हैं। वर्तमान में एमडी-एमएस के लिए 25 और एमसीएच, डीएनबी कोर्स के लिए 50 लाख रुपए बांड जमा करने का नियम है।

राज्य में पीजी की काउंसिलिंग अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े में शुरू होने की उम्मीद है। इसमें प्रवेश लेने वाले कई बांडेड डॉक्टरों की बेचैनी बढ़ती जा रही है, क्योंकि अब तक तीन साल तक की पढ़ाई अवधि के लिए बंधक बनाने उतनी राशि अथवा संपत्ति की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जानकारों का दावा है कि इस समस्या के कारण कई चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते। चिकित्सा छात्र संगठन से जुड़े डॉक्टरों के मुताबिक, अब तक 40 से ज्यादा एमबीबीएस डॉक्टर इस नियम से उपजी परेशानी का हल खोजने उनसे संपर्क कर चुके हैं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, आईएमए सहित अन्य संगठनों के नेतृत्व में अपनी इस समस्या के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। उन्हें आश्वासन तो मिला है, मगर अब तक इस बारे में शासन स्तर पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। जूडा और चिकित्सकीय संगठन एफडीए से जुड़े डॉक्टरों का कहना है कि राहत के लिए अब न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए हाईकोर्ट में पिटीशन दायर कर हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। डॉक्टरों का कहना है कि बंधक बनाने 25 और 50 लाख रुपए की संपत्ति की व्यवस्था हर किसी के बस की बात नहीं होती।

### बांड सेवा भी कुल 4 साल का

राज्य में अभी सरकारी कॉलेजों में यूजी और पीजी की पढ़ाई करने वाले चिकित्सा छात्रों को कुल 4 साल की बांड ड्युटी पूरी करनी होती है। नियमानुसार यूजी की पढाई के बीच अगर उनका चयन एमडीएमएस की पढ़ाई के लिए हो जाता है तो बची बांड ड्यूटी उन्हें चिकित्सा विशेषज्ञ बनने के बाद पूरी करनी होती है। वर्तमान शिक्षण सत्र में शासन द्वारा एमबीबीएस के छात्रों की बांड सेवा को दो से घटाकर एक साल करने का फैसला लिया गया है। इसका लाभ 2025 वर्ष के बैच को छठवें साल में प्राप्त होगा।

### निजी कॉलेज-एम्स नियम से दूर

बांड सेवा की ड्यूटी का बंधन निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों पर नहीं है। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के बाद स्नातकोत्तर की पढ़ाई और उसके बाद वे सीधे चिकित्सकीय सेवा में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा एम्स में भी पढ़ाई करने वालों के लिए बांड सेवा की नियम-शर्तें लागू नहीं हैं।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्य पूरा 926 प्रतिमाएं कुंड में विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के महादेवघाट खारुन नदी के पास स्थित नगर निगम के विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रविवार की सुबह पूर्ण हुआ।

- **महानवमी के दिन शुरू हुआ था विसर्जन का सिलसिला, रविवार सुबह भी प्रतिमा विसर्जित**

महानवमी से लेकर अब तक कुंड में 926 दुर्गा प्रतिमाएं ससम्मान विसर्जित की जा चुकी हैं। कुंड में जमा ढांचों को निकालने का काम लगातार चल रहा है। इसके चलते कुंड के चारों ओर बांस-बल्ली, पैरा, रस्सी, पूजन में प्रयुक्त सामग्री, थर्माकोल सहित अन्य अवशेषों का ढेर लगा हुआ है। कुंड से गंदा पानी और जमा मिट्टी निकालने का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

नगर निगम जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल की देखरेख में महादेवघाट के विसर्जन कुंड से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद ढांचा निकालने का काम कराया जा रहा है। क्रेन की मदद से कुंड में जमा हुए ढांचे बाहर निकाले जा रहे हैं। साथ ही अब विसर्जन कुंड में जमा मिट्टी और गंदे पानी को साफ करने जल्द काम शुरू होगा। गंदे पानी को खाली कराकर कुंड की सफाई की जाएगी। जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने बताया कि रविवार की सुबह अंतिम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड स्थल पर लाई गई। अब कुंड की सफाई पर जोर दिया जा रहा है।



### तीन पालियों में ड्यूटी 90 गोताखोर लगाए

विदित हो कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन पालियों में जोन स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशासनिक स्तर पर ड्यूटी लगाई गई। साथ ही मूर्तियों के सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से विसर्जन के लिए 90 गोताखोर उपलब्ध कराए गए। विसर्जन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए नगर निगम ने 7 क्रेन की व्यवस्था की थी। इनमें से 5 मशीनें विसर्जन और 2 क्रेन कुंड से ढांचे निकालने के लिए लगाई गईं।

तकनीकी मूल्यांकन में 50 अंक पाने थे अनिवार्य, टेंडर जमा करते ही नियम शिथिल

# गढ़कलेवा का चीला-फरा विवादों में उलझा टेंडर की शर्त बदलने का आरोप, जमकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गढ़कलेवा के संचालन के लिए तीन साल विलंब से जारी हुए टेंडर में गड़बड़ी के आरोप लगने लगे हैं। कुछ महिला स्वसहायता समूहों ने आरोप लगाया है कि संस्कृति विभाग के जिम्मेदार मनचाहे समूह को काम दिलाने के लिए गुपचुप तरीके से शर्तों में फेरबदल की हैं। 80 अंक के तकनीकी मूल्यांकन में 50 अंक पाने वालों को पात्र मानकर टेंडर जमा कराया गया और दूसरे दिन नियम को गुपचुप तरीके से बदल दिया गया। इसके अलावा समूह विशेष ने नियम का उल्लघंन कर ठेका हथियाने पांच समूहों के साथ मिलकर आवेदन कर दिया।

लोगों को छत्तीसगढ़िया व्यजंनों का स्वाद चखाने के लिए वर्ष 2016 में संस्कृति विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित गढ़कलेवा का संचालन चार साल तक बिना किराया लिए किया गया था। इसके विरोध में आवाज उठी तो 10 हजार रुपए किराया तय किया गया। अगस्त 2022 में संचालक महिला स्वसहायता समूह से अनुबंध समाप्त हो गया। इसके बाद कभी कोरोना तो कभी अन्य तकनीकी कारणों का हवाला देकर समिति को तीन साल एक्सटेंशन का लाभ दिया गया। पिछले माह नई संचालन समिति तय करने टेंडर जारी किया गया, जो विवादों में आ गया। आरोप लगाया गया है कि निविदा आमंत्रित करने जो शर्तें तय की गई थीं, उसे बिना किसी पूर्व सूचना के बदल दिया गया। तकनीकी योग्यता में न्यूनतम 50 अंक अर्जित करने के बजाय टेंडर में शामिल सभी को प्रैक्टिकल यानी खानपान की परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया गया। आरोप ये हैं कि विशेष स्वसहायता समूह ने सिंडिकेट बनाकर टेंडर में हिस्सा लिया, जिन्हें प्रैक्टिकल में शामिल करने के लिए नियम को शिथिल किया गया।





### टेंडर प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं

गढ़कलेवा के संचालन के लिए नियमानुसार टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। पूर्व में प्रायोगिक मूल्यांकन में केवल पांच समितियों को मौका दिया जाता था। इस बार निविदा में अधिक समितियों की भागीदारी को देखते हुए सभी को प्रायोगिक मूल्यांकन के लिए पात्र माना गया है। इनमें जिस समूह की दर अधिकतम होगी, उसे ठेका दिया जाएगा।

*- विवेक आचार्य, संचालक, संस्कृति विभाग*

### निष्पक्ष निविदा की मांग

गढ़कलेवा के संचालन के लिए जारी किए गए टेंडर में गड़बड़ी और विशेष समूह को लाभ देने का आरोप लगाने वाले अन्य स्वसहायता समूह से पायल तिवारी, रानी अग्रवाल, महिमा शर्मा एवं नेहा उपाध्याय सहित अन्य महिलाओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वर्तमान में पूरी की जा रही टेंडर प्रक्रिया रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए तय की गई शर्तों की जांच कर पुनः निविदा जारी की जानी चाहिए। इसके अलावा अभी संयुक्त रूप से गढ़कलेवा का संचालन करने वाली समिति के वित्तीय लेनदेन की जांच होनी चाहिए।

# सभी खुदाई कार्यों की जानकारी एप पर अपलोड करें नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को खुदाई कार्यों की जानकारी सी-बड मोबाइल एप पर अनिवार्यतः अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। विभाग ने नगरीय निकायों में पदस्थ सभी अभियंताओं को निकायों में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की खुदाई की जानकारी मोबाइल एप पर शीघ्र अपलोड करना सुनिश्चित करने कहा है।



फाइल फोटो

नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का ने निकायों को जारी परिपत्र में कहा है कि केंद्रीय संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न खुदाई कार्यों जैसे पाइपलाइन, केबल, गैस पाइपलाइन आदि कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे सड़कों की खुदाई के कार्यों की जानकारी अनिवार्य रूप से सी-बड मोबाइल एप पर अपलोड कराने के लिए निर्देशित किया गया है। दूरसंचार विभाग ने इसके लिए एप का अधिक से अधिक उपयोग करने को कहा है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे

नगरीय प्रशासन विभाग ने परिपत्र में अवगत कराया है कि नगरीय निकायों, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं निकाय स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर उनका पंजीयन सी-बड मोबाइल एप पर किया जा चुका है। इसके लिए समय-समय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। विभाग ने नगरीय निकायों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा मोबाइल एप पर निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की खुदाई की जानकारी अपलोड नहीं करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए खुदाई की जानकारी अनिवार्यतः अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने महुआ शराब परिवहन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब रखकर पाईकपारा की ओर परिवहन करते आ रहे हैं। संदेह पर उक्त दोनो व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने अपने नाम शिवकुमार जोल्हे पिता मनमोहन जोल्हे (32 साल) पलसापाली थाना बलौदा और रामसुंदर बरिहा पिता कुंजबिहारी बरिहा (35 वर्ष) छिबर्रा का निवासी होना बताए। तलाशी के दौरान दोनों व्यक्ति के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### भारत का दो माह से बिजली बिल माइनस में

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। कौशिक कॉलोनी निवासी भारत सिंह साहू ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्हें टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से इस योजना के बारे में पता चला और इसके पश्चात ही उन्होंने योजना की जानकारी जुटाकर आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद पिछले दो माह से अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। साथ ही क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है।

### आईटीआई में यूथ रेडक्रास टीम का हुआ गठन

**महासमुंद।** आईटीआई महासमुंद में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रभारी प्राचार्य वायपी ध्रुव के मार्गदर्शन व रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव एवं सह प्रभारी देवेंद्र यादव के निर्देशन में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। प्राथमिक सहायता के अंतर्गत एसएसएस, एवीपीयू, एलएलएफ और सीपीआर के बारे में बताया गया। रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव ने रेडक्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी एचएल वर्मा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बने कमलेश्वर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ बागबाहरा का 4 अक्टूबर को पदाधिकारियों का हाईस्कूल बागबाहरा में हुआ। चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में श्यामरतन सागर जिलाध्यक्ष महासमुंद व अमन पटेल संचालक जिला महासमुंद की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निर्विरोध हुआ। जिसमें कमलेश्वर चंद्राकर (अध्यक्ष), मदन लाल साहू (सचिव), संतोष साहू (उपाध्यक्ष), कुलेश चौहान कुमारी साहू, प्रभा दीवान, एवं चुनाव में ब्लाक के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। युक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

# ऑटोमोबाइल सेक्टर पर बरसी मातारानी की कृपा, बिक गए 30 हजार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि में बाजार में चारों तरफ बूम नजर आया। इसके पीछे का एक बड़ा कारण जीएसटी में बदलाव भी है। इसका सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिला। वाहनों के दाम में बहुत ज्यादा राहत मिली है। ऐसे में ऑटोमोबाइल सेक्टर पर माता रानी की जमकर कृपा बरसी है। प्रदेश में नवरात्रि में रोज तीन हजार वाहन बिके। नवरात्रि इस बार दस दिनों की थी। ऐसे में इस बार करीब 30 हजार वाहन बिके हैं। इसमें से 25 हजार से ज्यादा दुपहिया और करीब चार हजार चार पहिया वाहन हैं। कुल मिलाकर करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है।

## दस दिनों में छह सौ करोड़ का हो गया कारोबार

### जीएसटी से भारी बचत

वाहनों में पहले 28 फीसदी जीएसटी लगती थी, लेकिन अब यह 22 सितंबर से 18 फीसदी हो गई है तो लोगों को दस फीसदी कम पैसे लगे। जहां एक तरफ 10 लाख की कार में एक लाख और 20 लाख की कार में दो लाख बचे, वहीं वाहन कंपनियों इसमें अलग से डिस्काउंट भी दिया तो ज्यादा बचत हुई। ज्यादा कीमत वाली कारों पर जिन पर जीएसटी कम नहीं हुई है, उन पर वाहन कंपनियां भी लाखों रुपए का बड़ा डिस्काउंट दे रही हैं। इधर एक लाख की बाइक में दस हजार बचे हैं। अलग से डिस्काउंट के कारण यह बचत 12 से 15 हजार तक हुई है। स्कूटी पर भी आठ से दस हजार बचे।

### नवरात्रि पर ज्यादा बिके वाहन

जीएसटी कम होने का बड़ा असर अपने प्रदेश में भी नजर आया है। नवरात्रि पर इस बार करीब 30 हजार वाहन बिके हैं। सितंबर माह में कुल 47 हजार वाहन बिके हैं, इनमें से ज्यादातर नवरात्रि पर ही बिके हैं। - विवेक गर्ग, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फाडा

### बीते साल से ज्यादा बिके वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस बार जीएसटी कम होने के कारण बीते साल से 20 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है। बीते साल नवरात्रि में 20 हजार दुपहिया और 28 सौ चारपहिया वाहन बिके थे। इस बार 25 हजार से ज्यादा दुपहिया और चार हजार पहिया वाहन बिके। सितंबर में कुल 47 हजार वाहन बिके हैं। इसमें साढ़े चार हजार कारें हैं। इनमें से ज्यादातर कारें नवरात्रि में ही बिकी है। करीब चार कारें नवरात्रि में बिकी है। एक दुपहिया की औसत कीमत 80 हजार मानें तो दो सौ करोड़ का कारोबार दुपहिया वाहनों की हुआ है। इसी के साथ कारों की औसत कीमत दस लाख माने तो चार सौ करोड़ की कारें बिकी हैं।

अब पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर भी अच्छा कारोबार होगा। वाहन खरीदने वालों को हमेशा से ही नवरात्रि का इंतजार रहता है। नवरात्रि में नौ दिनों तक शुभ मुहूर्त माना जाता है। पूरे नौ दिनों तक वाहन बिकते हैं। इस बार भी नवरात्रि पर पहले ही दिन से लगातार वाहन बिके और अंतिम दिन तक वाहनों की बिक्री हुई। इस बार यह खास बात रही कि जीएसटी में बदलाव के कारण वाहन दस फीसदी सस्ते हो गए। ऐसे में ग्राहकों को बड़ी बचत हुई तो वाहन भी ज्यादा बिके। लोग नवरात्रि का ही इंतजार कर रहे थे, क्योंकि नवरात्रि से ही जीएसटी में बदलाव होना था। इसलिए जिनको वाहन लेने थे, सभी जीएसटी कम होने का इंतजार कर रहे थे।

## मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय मंत्रियों को आमंत्रित करने का प्रस्ताव, समाज में एकता का संदेश देंगे

# तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह होगा ऐतिहासिक : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चिचोली

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं रायपुर जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष दास जी साहू ने कहा कि तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक होगा, जहां समाज को एकता और संगठन का मजबूत संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिल्दा नेवरा तहसील का चुनाव जिला साहू संघ के निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



दास जी साहू ने मतदाताओं को लोकतंत्र का भगवान बताते हुए कहा कि "मतदाता ही सच्ची ताकत हैं, जो अमीर को गरीब और गरीब को अमीर बना सकते हैं। मैं चुनाव कराना नहीं चाहता था, बल्कि सभी पदों पर निर्विरोध चयन कर समाज में नई मिसाल कायम करना चाहता था, किंतु परिस्थितियों वश चुनाव कराना पड़ा।" उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित तहसील अध्यक्ष मनी साहू (गुरूजी) ऐतिहासिक मतों से विजयी हुए हैं, इसलिए उनका शपथ ग्रहण भी ऐतिहासिक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, क्षेत्रीय मंत्री टंकराम वर्मा, जगतगुरु संत सम्राट खुशवंत साहेब, समाजसेवी अनिल अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा तथा तिल्दा नेवरा के सभी 22 पार्षदों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया है।

**तन, मन और धन से करेंगे सहयोग: दास जी साहू :** दास जी साहू ने कहा कि वे समाज में एकता और सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए नव निर्वाचित तहसील अध्यक्ष मनी साहू के साथ तन, मन और धन से सहयोग करेंगे। उन्होंने भक्त माता कर्मा जी के चरणों में नमन करते हुए प्रार्थना की कि "तिल्दा नेवरा तहसील साहू संघ पूरे देश में एकता और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में जाना जाए।" उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग समाज में भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु समाज के सजग सदस्य मनी गुरुजी के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती और एकजुटता के साथ आगे बढ़ेंगे।

### झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों ने की पूर्व विस अध्यक्ष से की सौजन्य मुलाकात



सेल। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आर्शीवाद लिया गया और गुलदस्ता से भेंट किया गया। आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में भाजपा जिला बलौदाबाजार महामंत्री विजय यादव, लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेई, छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज (ग्रामीण) बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष कार्तिक राम यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव, लवनराज अध्यक्ष भीखम लाल यादव, जिला सचिव खोलबहरा यादव, बलौदा राज अध्यक्ष संतोष यादव, लवनराज कोषाध्यक्ष महासिंग यादव, कसडोल राज कोषाध्यक्ष श्यामलाल यादव ने सौजन्य भेंट की एवं गुलदस्ता भेंटकर से आशीर्वाद लिया।

# मानदीप में हुई अघरिया समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी/सेल

अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान में केंद्रीय कार्य कारिणी की बैठक विगत 05/10/25 को मानदीप नगरदा चौक के पटेल शो रूम में संपन्न हुआ, यह बैठक नया केंद्रीय कार्यकारिणी के तृतीय बैठक था, इस बैठक में अखिल भारतीय अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा अमरसिंह पटेल ने अध्यक्षता की, उनके साथ कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।

यहां समाज के विकाश करने हेतु कई बिंदुओं पर पहल किए, साथ ही साथ अघरिया समाज के मंदिर निर्माण हेतु गहन चर्चा किया गया, इस महत्वपूर्ण बैठक में, देवरी सोनाखान के साथ साकरा, पिरदा, बसना, भंवरपुर, सरायपाली, सीघोड़ा, सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, रायगढ़, पुसौर, धर्मजयगढ़, घरघोड़ा, महासमुंद, पिथौरा, बागबाहरा, रायपुर , बिलासपुर, पदमपुर, भुक्ता, नर्सिंगनाथ, आदि कई क्षेत्र के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे हैं ।

### ये रहे शामिल

उक्त बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा अमरसिंह पटेल के साथ प्रेमशिला नायक, तारेश्वरी पटेल, गंगा पटेल, सुशीला चौधरी, अनीता चौधरी, पदमिनी पटेल, पुनीत राम नायक, ओमप्रकाश चौधरी, भोज राम पटेल, द्वारका पटेल, विक्की पटेल, दिनेश चौधरी, कामता पटेल, अमरसिंह पटेल, शंकर कौशिक, आदि सैकड़ों केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ देवरी सोनाखान से अध्यक्ष देवानंद नायक, युवा संयोजक युधिष्ठिर नायक, उपाध्यक्ष उसत राम नायक, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र पटेल, के प्रतिनिधि भगत नायक, सचिव खीरप्रसाद चौधरी,कुशभांठा आदि समस्त क्षेत्र के पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण, सामाजिक बंधु गण शामिल रहे है।

# सेना के शौर्य से नक्सलमुक्त हो रहा छग जशपुर और बस्तर में भी करेंगे पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमीर आदमी गरीब को सपोर्ट नहीं कर रहा है। सनातन की यह बड़ी कमजोरी है। जातियों और ऊंच-नीच की बातों में उलझाकर जो सनातनियों को बरगला रहे हैं, मैं उन्हीं से लड़ाई को लड़ रहा हूं, क्योंकि हिंदू-हिंदू भाई-भाई हैं।

- बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मीडिया से हुए रूबरू

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सेना के शौर्य के आगे नक्सली परास्त हो रहे और छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो रहा है। उन्होंने भविष्य में अनुमति मिलने पर जशपुर और बस्तर में यथास्थिति कथा-प्रवचन करने या फिर हिंदुत्व की अलख जगाने की मंशा जाहिर की। हिंदुत्व और गोमाता की सुरक्षा पर बेबाकी से रविवार को मारुति मंगल भवन में पत्रकारवार्ता में उन्होंने जवाब दिए।बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने गोमाता की सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को लेकर कहा कि रोकथाम के लिए यहां क्या कानून है, इस संदर्भ में ज्यादा पता नहीं। सुझाव देते हुए कहा कि हर तहसील स्तर पर 5000-5000 क्षमता वाले गोधाम बना दिए जाएं तो गोमाता ही नहीं, इनकी वजह से सड़क पर होने वाले हादसों से दोनों सुरक्षित हो जाएंगे। चार तहसीलों से शुरुआत करेंगे तो गोमाता भी सुरक्षित रहेगी। गोधाम में उनके रहने और चारा-पानी की व्यवस्था करें, ताकि किसी प्रकार से उन्हें तकलीफ न होने पाए। यूपी में जारी बुलडोजर की कार्रवाई पर बोले, इससे विचार कायम नहीं किया जा सकता है, मगर अधर्म करने और आतंक फैलाने वालों को रोकने का यह भी एक रास्ता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, इसके लिए संघ को शुभकामना देता हूं। संघ ने विचारधारा को बचाने का काम किया है। उनके द्वारा चलाई जा रही विचारधारा ने देश में एक नए आंदोलन का रूप लिया है।



### इसके लिए राज्य सरकार को विचार करना चाहिए

*कुछ पढ़े लिखे हिंदू, बच्चों को रामचरित मानस और गीता का पाठ नहीं कराते हैं। देश और हिंदुत्व को बचाने हर भारतवासी को हर दिन तीन घंटे की ट्यूशन लेनी चाहिए। इससे बच्चों में अपनी संस्कृति का बोध उत्पन्न होगा और उनके संस्कार भी सुधरेंगे। इसके लिए राज्य सरकार को विचार करना चाहिए। अगर हिंदुत्व को मानती है तो उन बच्चों को प्रोत्साहित भी किया जाए। भूत-प्रेत को लेकर कहा कि पिछले दिनों उन्होंने 8 देशों की यात्रा की और दुष्ट शक्तियों को दूर करने के लिए ऑक्सपोर्ड यूनिवर्सिटी ने इस पर एक चैप्टर शुरू किया है। जो धर्मांतरित हो गए हैं, ऐसे लोगों के लिए बागेश्वर धाम का खुला मंच है।*

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में गूंजे भक्ति के स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- भजन-कीर्तन और नृत्य में डूबी रहीं श्रद्धालु महिलाएं
- श्रीकृष्ण को खीर का भोग, पारिजात पुष्पों से हुआ अलंकरण

नगर के मंदिर में सोमवार को महिलाएं शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया। श्रद्धालु महिलाएं दिनभर भजन पूजन करते रहे। मंदिर में भगवान को श्वेत वस्त्र धारण कराया था। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान का सर्विधि पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालु भजन कीर्तन में जुट गए। ढोलक और झाल बज उठे श्रीकृष्ण भगवान से लेकर राधाजी और गोपियों की भक्ति के गीत गूंज उठे। साथ में बैठी महिला श्रद्धालु तालियों से ताल मिलाने लगीं।



महिलाओं के साथ आई बच्चियां भाववश नृत्य करने लगी। पुजारी जी ने बताया कि करोड़ों चन्द्रमा के लावण्य वाले श्रीवेंकटेश्वर भगवान हैं इन्हीं भावों से खीर श्रीभगवान के सामने रखी गई। सुन्दर रत्न व पारिजात पुष्प की माला से श्रीभगवान का श्रृंगार किया गया। उन्होंने कहा कि आश्विन मास की पूर्णिमा को ही वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण ने रासलीला की थी। इसलिए इसे रास पूर्णिमा के नाम से भी पुकारते हैं। इसी रात को भगवान श्रीकृष्ण ने हजारों गोपियों के साथ नृत्य किया था। श्रीमद्भागवत के अनुसार बिम्ब श्रीकृष्ण थे तो व्रजवल्लरी गोपियां उन्हीं श्रीकृष्ण की प्रतिबिंब थीं। इस अवसर पर महिला समिति के द्वारा खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

### भाजपा ने 2 साल में छत्तीसगढ़ को अवैध शराब-नशे का गढ़ बना दिया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने 2 साल में छत्तीसगढ़ को अवैध शराब और नशे का गढ़ बना दिया है। आज प्रदेश में गली-गली में अवैध शराब बिक रही है। भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। सभी शहरों के आउटर के कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुके हैं। पुलिस इन्हें रोकने के बजाय सहयोगी बनी हुई है।

कांग्रेस की सरकार थी, तब वर्षों से चल रहे हुक्का बार बंद कराए गए थे। राज्य में सूखे नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया गया था। भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर से नशे का कारोबार तेजी पर है। उन्होंने कहा, सरकार नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। सरकार और पुलिस की मिलीभगत के कारण ही प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। पिछले दो साल में शराब, गांजा, अफीम, हेरोइन जैसे नशे के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में इसकी लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं।

# मंत्री गुरु खुशवंत की नई टीम जितेंद्र बने विशेष सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में नई कार्यसंरचना को स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा तीन अधिकारियों की पदस्थापना संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।

### जितेंद्र बने विशेष सहायक

राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार जितेंद्र कुमार साहू, संयुक्त आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर को विशेष सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब की नीतिगत, प्रशासनिक एवं विभागीय गतिविधियों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में यशवंत टंडन, पंचायत सचिव, जनपद पंचायत आरंग (जिला रायपुर) को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की निजी स्थापना में निज सचिव के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री टंडन अब मंत्री के दैनिक कार्यक्रमों, बैठकों और विभागीय समन्वय कार्यों की सीधी निगरानी एवं संचालन करेंगे। इसके अलावा सबेरा शर्मा, सहायक प्रबंधक (खाद्य शाखा), कलेक्टर कार्यालय मुंगेली को मंत्री की निजी स्थापना में निज सहायक के रूप में पदस्थ किया गया है। वे पत्राचार, फाइल प्रबंधन और दफ्तरी कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### ऐसे मामलों को ...

योजनाओं का भी लाभ समाज के कमजोर वर्ग के लोगों तक पहुंचे जिसके लिये प्राधिकरण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स निरंतर कार्य कर रहे है लेकिन इसमें जनसामान्य की सहयोग की भी अपेक्षा है ताकि इस महिला जैसी स्थिति किसी अन्य की ना हो सके और समय पर उन्हें लाभ मिल सके।

### घटमडवा में व्यक्ति...

पर पडा रहा । आननफानन में मुहल्लेवासियों को बुलाकर उठाने लगा तो जहर की बदबू आने लगा और खाट के नीचे अंतिम नामक कीटनाशक थे और खीखराम की मौत हो गया था गांव के सरपंच को मौके पर बुलाकर गिधौरी थाने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया गया और मौके पर पर गिधौरी पुलिस पहुंचकर मौके का मुआयना और पतासाजी कर शव की पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल भेजा गया। जहर सेवन से मौत का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कलेक्टर ने की...

की तैयारी के लिए समितियों एवं संग्रहण केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था, धान उठाव, निगरानी, किसानों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने बताया कि इस बार लगभग 39 नये खरीदी केंद्र बनाए जा रहे है। नवीन केंद्रों में भी सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरू बालकदास
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# महिला पतंजलि योग समिति की कार्यशाला में गूंजा राष्ट्र सेवा का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पलारी के गायत्री मंदिर परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला महिला पतंजलि योग समिति बलौदाबाजार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग. राज्य प्रभारी जया मिश्रा रहे, विशिष्ट अतिथि पुष्पा रही। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली में योग का महत्व,ध्यान, आयुर्वेद, वेद, उपनिषद, दर्शन व नवधा भक्ति दैवीय संपदा विजय रथ का संक्षिप्त परिचय व राष्ट्र हित जनहित संगठन के कार्य एवं महत्व सेवा समभाव राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति व आत्म निर्भरता की भूमिका तथा हम भारत है इत्यादि विषयों पर उद्बोधन दिया गया।

## योग, वेद और नवधा भक्ति से राष्ट्र निर्माण की राह पर चर्चा



### इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम मे जिला प्रभारी मीना साहू, भारत स्वाभिमान के महामंत्री अखिलेश्वरी शुक्ला, कोषाध्यक्ष राजेश्वरी बघेल, महिला पतंजलि योग समिति के महामंत्री निर्मला वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवकुमारी वर्मा, पलारी तहसील प्रभारी हेमलता कन्नोजे, कसडोल तहसील प्रभारी सविता वर्मा, लेखापाल ताराशंकर साहू का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम में योगदान के लिए शिक्षक प्रशिक्षार्थी बहनों को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही संवाददाता यमलोक साहू का बलौदाबाजार महिला पतंजलि योग समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्य प्रभारी द्वारा ने आवाहन किया कि जिले के एक एक गांव एवं नगर के हर वार्ड में योग क्लास लगायें। प्रशिक्षित योग शिक्षकों से कहा कि एक घंटे का समय अपने लिए निकालना है और एक घंटे समाज की सेवा के लिए निकालना है। जिस प्रकार यज्ञ के अग्नि में घी डालने से अग्नि ऊपर उठती है। वैसे ही योग के पथ पर चलकर हमें भी उठना है। एक दुसरे को सहयोग करने व राष्ट्र हित जनहित कार्य के लिए प्रेरित किये।

## खबर संक्षेप

### बंगोली में कुर्मी समाज की बैठक 12 को

**खरोरा / बंगोली** | छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज में राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा के अध्यक्षता में ग्राम इकाई बंगोली में प्रकरण बैठक का आयोजन आगामी 12 अक्टूबर को रखा गया है जो की तिल्दा राज के राज मंत्री दौलत धुरंधर का गृह ग्राम है । प्रकरण बैठक के अवसर पर कुर्मी समाज तिल्दा राज के युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में एम.आर.एम हॉस्पिटल खरोरा व पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष नूतन वर्मा के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे सभी सर्व समाज के लोग अपना निशुल्क इलाज तथा दवाई दवाई प्राप्त कर सकते है। साथ ही नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के लिए छोटे बच्चों का नाट्य (नाटक) रखा गया है। साथ ही साथ पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा का कहना है हमे पर्यावरण सुरक्षा, नशामुक्ति, उत्तम स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं उठानी पड़ेगी ताकि हम सभी प्रकार से रोग मुक्त रह सके व एक अच्छे समाज का निर्माण कर सके ।

### चिरायु दल की मेहनत से बची बच्चे की जान, हुआ सफल ऑपरेशन



**पिथौरा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु टीम को ग्राम बरेकेल खुर्द के शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच के दौरान छात्र आकाश भारद्वाज को गंभीर हृदय रोग होने की जानकारी मिली। जांच में डॉ. वीरेंद्र प्रजापति और डॉ. तनुजा चंद्राकर ने बच्चे की स्थिति को गंभीर पाया और तुरंत अधिकारियों को बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा डॉ. तारा अग्रवाल ने बच्चे के इलाज के लिए तत्काल कदम उठाए। चिरायु दल ने बच्चे को बालाजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोवा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसका सफल ऑपरेशन किया। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। टीम के सदस्य डॉ. वीरेंद्र प्रजापति, डॉ. तनूजा चंद्राकर, फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल, राजकुमारी बंजारे और बेनूराम सिन्हा हाल ही में बच्चे के घर जाकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कार्यक्रम प्रबंधक जयकांत विश्वकर्मा ने कहा कि यह चिरायु दल की सतर्कता और टीमवर्क का नतीजा है। वहीं डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि चिरायु दल लगातार स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की जांच कर रहा है ताकि किसी भी बीमारी का समय पर इलाज हो सके।

## निधन

### चैतीन बाई पटेल

गिधौरी। समीपस्थ ग्राम पंचायत



कुम्हारी निवासी चैतीन बाई पटेल का निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार सोमवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया । जहां स्वजाति बंधु एवं ग्रामवासी भारी संख्या में शामिल हुए और मृत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### रुखमणी वर्मा

हिरमी रावन । ग्राम रावन निवासी रुखमणी वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन शामिल हुए, वो दीपक कुमार वर्मा की धर्म पत्नी थी ।

## सांसद, विधायक और आयोग अध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ आयोजन

# मरार पटेल समाज की सम्मान सभा में दिखी सामाजिक एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

मरार पटेल समाज सम्मान समारोह श्री राधाकृष्ण मंदिर शिवरीनारायण में कल दिनांक 5 अक्टूबर को मेला ग्राउंड मे स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर शिवरीनारायण में समाज के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा, अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष मरार पटेल समाज, विशिष्ट अतिथि बिशेषर सिंह पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छ.ग, महंत डॉ राम सुन्दर दास पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छ ग, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, रामकुमार पटेल पूर्व अध्यक्ष शाकंभरी बोर्ड छ ग, राहुल थवाईत अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण की आतिथ्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

वहीं पामगढ एवं बिलाईगढ़ के विधायक ने पटेल समाज के सम्मान समारोह की तारीफ करते हुए कहा कि पटेल समाज के लोग बहुत ही मेहनती व परिश्रमी तथा सीधे साधे होते है. अन्य समाज के लिए इनका प्रमुख योगदान है । पटेल समाज के लोगों के मेहनत से ही आज हम लोगों को पौष्टीक व हरा भरा सब्जी प्राप्त होता है । सांसद माननीय कमलेश जांगड़े ने अपनी आत्मीयता दिखाते हुए पटेल समाज के लोगों के बीच पहुंचकर भोजन ग्रहण किया और भोजन व पौष्टीक आहार का आनंद लेते हुए समाज के लोगों की तारीफ भी की तत्पश्चात प्रदेश के सभी पदाधिकारी यों को अपने करकमलो से सम्मानित भी किये और समाज के प्रत्येक कार्य मे सहयोग प्रदान करने की बात कही । कार्यक्रम मे विशेष आमंत्रित अतिथि में. डॉ. रामचंद्र पटेल, देवचरण पटेल (पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मरार पटेल समाज), सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## कार्य में लगे लोगों को मिलेगा अब नगद प्रोत्साहन, सम्मान की नई परंपरा की शुरुआत





### पटेल ने गिनाए गौसेवा के लाभ

वहीं गौ सेवा के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने समाज के लोगों को गौ सेवा के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि गौ हमारी माता है उसे हमें अपने प्रत्येक घरों मे पालना चाहिए । गौ पालन से बहुत सारे फायदे है और केवल 1 गाय पालने से ही हमें जीवन भर का बहुत सारे फायदे मिल सकता है जैसे खेत के लिए खाद, सब्जी के लिए खाद, दूध, दही, मक्खन, कीटनाशक दवाई, गोबर गैस इत्यादि के उपयोग से 1 वर्ष मे लाखों रूपये बचाया जा सकता है और परिवार के स्वास्थ्य को भी ठीक किया जा सकता है । लेकिन आज के परिवेश मे गौ माता को बोझ समझा जाता है और उनकी सेवा नहीं किया जा रहा है जिससे सभी गौवंश रोड मे आ गये है और फसल सहित लोगों के लिए जान का खतरा बन गए हैं, यदि हमारे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर परिवार मे 1-1 गाय भी पालन कर लिए तो सभी समस्याओ का हल हो सकता है ।

## आरएसएस ने मनाई विजयादशमी



**कटगी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रायपुर विभाग (छ.ग.) खंड कसडोल द्वारा विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:20 बजे ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल कटगी से पद संचलन के साथ हुआ। अनुशासित पंक्तियों में स्वयंसेवकों ने ग्राम भ्रमण किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। सार्वजनिक कार्यक्रम शाम 5 बजे महामाया मंदिर प्रांगण कटगी में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वयंसेवक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के इस शताब्दी वर्ष में राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक एकता और समाज के प्रति समर्पण का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### निपानिया में धूमधाम से मना दशहरा



**भाटापारा।** आजाद दुर्गा उत्सव स्टेशन वार्ड के तत्वाधान में मावली क्रिकेट मैदान निपानिया में दशहरा उत्सव का कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रमुख रूप से राजा जायसवाल जिला पंचायत सदस्य ,अमित शर्मा पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा विधायक प्रतिनिधि जीतु महाराज जीतू ठाकुर सरपंच निपानिया नरेश कुमार नेताम जनपद सदस्यों में दीपक नेताम,मालिक राम साहू , सरपंच भोथीडीह ,गुड़ाघाट खपरी सिंगारपुर सिल्वा मोपकी भरतपुर सेम्हराडीह के सरपंच उपस्थित थे साथ ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के चंद्रकांत यदु पूर्व पार्षद चंद्रशेखर चक्रधारी आयोजन समिति में जीतू ठाकुर शैलेंद्र महाराज शंकर दास मानिकपुरी किशोर गुप्ता अनित गुप्ता हरीश मुच्छल कामता रावत जी तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश यादव जी सचिन शंभू नाथ ध्रुव ईश्वरी पटेल आसपास के हजारों ग्रामीण जनों उपस्थित थे पटाखों का गगनचुंबी आतिशबाजी देखने को मिला सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामलीला मंडली करही बाजार की उपस्थिति रही।

## स्वच्छता व संस्कृति का संदेश लेकर सजी विद्यालय की विशेष संकल्प सभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 6 अक्टूबर को विद्यालय के कक्षा 1 से 11वीं तक के सभी छात्रों, शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। जिसमे सभी को हमारे आस पास गली मोहल्ले छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं देश में किसी भी प्रकार के स्थान को गंदगी न करने तथा गंदा करने वाले को इसके नुकसान बता कर समझाइश देने की बात की गई। गांधी जयंती के अवसर पर चल रहे क्लीन इंडिया प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी । प्रथम पाली प्रभारी प्राचार्य चूड़ामणी साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया तथा बच्चों को बताया कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता हैं तथा उनके द्वारा आज शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विद्यालय में शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। चूड़ामणी साहू ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों के बताया सदियों पूर्व जब देवासुर संग्राम समुद्र मंथन हुआ था तो आज ही के दिन माता लक्ष्मी अमृत कलश लेकर प्रकट हुई थी जिसमे संग्राम के दौरान अमृत के चार बूंद प्रयागराज उज्जैन नासिक हरिद्वार इन चार जगहों पर गिरे थे इन स्थानों में कुंभ का विशाल मेला आयोजित होता हैं और आज ही के दिन से शीत ऋतु का आगमन होता हैं।

- क्लीन इंडिया अभियान और शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

# ग्राम सभा में शासन योजनाओं पर हुई खुली चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

**खास बातें**
- अपर कलेक्टर और तहसीलदार पहुंचे बिनौरी
- बाल विवाह, स्वच्छता और जाति प्रमाण पत्र जैसे विषयों पर चला जागरूकता अभियान



सोमवार को ग्राम पंचायत बिनौरी में ग्राम सभा का आयोजन में बलौदाबाजार अपर कलेक्टर दीप्ति गैत्रे व तहसीलदार नीलाधर कवर पहुंचे सांथ ही पटवारी सुखीराम साहू, सरपंच किरण सेन कुमार साहू, सचिन हरीश डडसेना, रोजगार सहायक रामकुमार निराला, उप सरपंच सुरेश कुमार डहरिया, पंचगण ग्रामीण जन के माध्यम से ग्राम सभा में शासन से प्राप्त एजेंडा पर चर्चा किया एग्रीस्टॉक पंजीयन के बारे में चर्चा जाति प्रमाण पत्र ग्राम सभा ओडीएफ खुले में शौच नहीं व स्वच्छता पर चर्चा, पेंशन प्रकरण एवं शासन से प्राप्त एजेंडा पर चर्चा, एक पेड़ मां के नाम, बाल विवाह की जानकारी दी।

इस अवसर पर स्वच्छता दीदी स्कूल के प्रधान पाठक गण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन ब भागबली, जंतराम साहू, मनीराम यादव, पुनिराम, प्रेमसिंग साहू, डॉ.जितेंद्र साहू, मीना साय, मंजू ध्रुव ,लता निराला, शालेंद्री बंजारे, सूर्यकांत टंडन, मुनीराम सेन, दिनेश सेन, मंत्र राम साहू, नरेश कुमार निराला, अमर दास मांडले, सोहन मनहरे, हीरालाल, नंद कुमार साहू, भरत सेन, ललित कुमार साहू, बलराम साहू, रंगीला बंजारे, सरोज, लकेश्वर, ध्रुव साहू, ममता धीवर, बुधारू साहू, संतराम साहू, मालिक राम साहू, बलराम, बरातू, वीसराधुराम ध्रुव, रामकुमार साहू, संतोष साहू, मोहन बंजारे, परमेश बंजारे, दौलत निराला, सुखदेव सेन, कोटवार पवन कुमार बंजारे आदि उपस्थित थे।

## 86 छात्राओं को सायकल वितरण



**हथबंद** । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की 86 छात्राओं को निशुल्क सायकल दी गई। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर देव कुर्रे, नायब तहसीलदार अतुल व जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## तरेंगा में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ

**भाटापारा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत भाटापारा ब्लाक में 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से ग्राम तरेंगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शुभारंभ हो रहा है। सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ हर घर खेल महोत्सव का शुभारंभ कर फिट इंडिया मूवमेंट को सशक्त करना है जिससे प्रत्येक घर परिवार खेल को जीवन शैली में अपनाए। खेल महोत्सव के अंतर्गत 13 खेल विद्या जिसमें खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल बास्केटबॉल रस्साकशी भारोत्तोलन, कुश्ती, रोप स्किपिंग, स्विमिंग, शरीर सौष्ठव, शतरंज, फुगड़ी, गेड़ी शामिल है। खेल विद्या दो आयु वर्ग 9 से 19 वर्ष तथा 19 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी लोग भाग ले सकते हैं बालक बालिका महिला पुरुष सभी खेल विद्या में पृथक पृथक आयोजन होंगे । भाटापारा ब्लाक को 4 जोन में विभाजित किया गया है जिसमें तरेंगा जोन में 7 को, 8 को सिंगारपुर लेवई में, 9 को कोसमंदा में तथा 10 को गुर्रा जोन में संपन्न होगा। जोन स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागी 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा ब्लाक में विजेता एवं चयनित खिलाड़ी रायपुर में होने वाले सांसद खेल महोत्सव में ब्लाक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## प्रकृति, परंपरा और पहचान का उत्सव बना नवाखाई पंडुम

# अंचल में परंपरागत ढंग से मना नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- देवी-देवताओं को चढ़ा पहला अन्न, मांदर की थाप पर थिरके युवा

ग्राम टोपा सहित अंचल में आदिवासी समाज ने अपनी परंपराओं के अनुसार नवाखाई पंडुम मनाया। यह पर्व नई फसल (धान) के आगमन पर बूढ़ा लपेन ठाकुर जोहरनी और पूर्वजों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर होता है नवाखाई का अर्थ होता है नया अन्न खाना। इस दिन परिवार के मुखिया पहले पकाए गए नए धान के चावल से खीर बनाकर साजा पत्ते में देवी देवताओं और पितरों को अर्पित करते हैं इसके बाद पूरा परिवार और समुदाय एक साथ मिलकर वही अन्न ग्रहण करता है। नवाखाई को लेकर गांव में विशेष उत्साह देखा गया।



महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा अर्चना की जबकि युवाओं ने मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। बुजुर्गों ने बताया कि यह पर्व सिर्फ फसल के आगमन का नहीं बल्कि प्रकृति कृषि और परंपरा के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। इस दौरान गांव में किसी भी प्रकार के खेतों से अनाज या सब्जी लेने पर भी एक तरह की रोक होती है जब तक कि नवाखाई न हो जाए। यह मान्यता है कि जब तक देवी-देवताओं को पहला अन्न अर्पित न किया जाए तब तक मनुष्य को उसका उपभोग नहीं करना चाहिए। ग्राम के रूपेश नागवंशी ने बताया हमारे समाज में नवाखाई का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और आने वाली पीढ़ियों को हमारी संस्कृति से परिचित कराता है। नवाखाई पर्व के माध्यम से आदिवासी समाज अपनी पहचान संस्कृति और प्रकृति के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करता है।

